# अनूठी शादी: एक साथ छह सगी बहनें बैठी मंडप में, लिए फेरे, बिंदौरी भी निकाली

## बेटियों को ब्याहने के लिए तीन गांवों से बारात आई

**खेतड़ी,** (निसं)। झुंझुनूं के खेतड़ी के पास चिरानी गांव में एक साथ छह बहनों की शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। स्कूल बस चलाने वाले रोहिताश्व के कुल सात बेटियां और एक बेटा है। रोहिताश्व ने अपनी सात में से छह बेटियों की एक साथ शादी की। इन छहों बेटियों ने एक साथ ही फेरे लिए तो उनकी एक साथ ही घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली। जिसमें ना केवल ये बेटियां, बल्कि उनकी बहन कृपा और भाई विकास गुर्जर ने भी जमकर डांस किया। इन बेटियों को ब्याहने के लिए तीन गांवों से बारात भी आई। जिनकी आवभगत में पूरा गांव ही लग गया। छह सगी बहनों की शादी एक साथ देखकर सभी को अचंभा भी हुआ तो लोग खुश भी हुए। शादी के बाद बहनें अब देवरानी-जेठानी बन गई हैं।



खेतड़ी के चिरानी गांव में शादी के दौरान बेटियों ने भी डांस किया।

विकास गुर्जर ने बताया कि उनके पिता रोहिताश्व स्कूल बस चलाते हैं लेकिन उन्होंने बेटियों को पढ़ाने में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी। उसकी बहन मीना और सीमा ने एमए बीएड कर रखा है। तो वहीं अंजू और निक्की एमएम पास हैं। वहीं योगिता और संगीता ने भी बीएससी कर रखा है। सबसे छोटी बहन कृपा है। जिसकी अभी शादी नहीं हुई है। वह भी बीएससी कर चुकी है।

**भाई है राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित:-** इन छह बहनों का भाई भी स्काउट्स में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त कर चुका है। इसके अलावा वह कई गानों के एलबम में भी काम कर चुका है।

**पीले ड्रेस, सतरंगी साफे में सजी दुल्हनों ने भी लगाए ठुमके:-** पढी लिखी इन बेटियों की शादी के फेरों से पहले जब बिंदौरी निकाली गई। तो भी इन्होंने एक रंग की ड्रेस और लड़कों की तरह साफे सतरंगी साफे बांधे। पहले तो पूरे गांव में बिंदौरी निकाली गई। इसके बाद इन्होंने डीजे पर परिवार के साथ जमकर ठुमके लगाए। बहनों ने काले चश्मे में गांव की गलियों में भी मॉर्डन स्टाइल में डांस किया और अपनी शादी को जमकर एंजॉय किया।

# पत्थर व्यवसाई का अपहरण कर फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

## रुदावल थाना क्षेत्र से हनीट्रैप में फसाकर किया था अपहरण

**भरतपुर,** (निसं)। जिले के रुदावल थाना क्षेत्र से हनीट्रैप के जरिये एक पत्थर व्यवसाई का अपहरण कर 30 लाख की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रामवीर गुर्जर पुत्र विजेंद्र निवासी बाड़ी धौलपुर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रुदावल थाना का हिस्ट्रीशीटर भी है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि 21 अक्टूबर को

- **आरोपी रुदावल थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है**



व्यवसायी का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा।

थाना क्षेत्र के महलपुरचुरा निवासी पत्थर व्यवसाई शिशुपाल का पहले तो हनीट्रैप के जरिये अपहरण किया गया और बाद में उसकी रिहाई के लिए 30 लाख की फिरौती मांगी गई थी लेकिन मामले में भरतपुर व धौलपुर पुलिस की सक्रियता से पत्थर व्यबसाई शिशुपाल को आनन फानन में बदमाशों के चंगुल से रिहा करा कर कैलाशी, हेमसिंह ब सोना नामक बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन मामले का मुख्य आरोपी रामवीर गुर्जर फरार था। विश्नोई ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बयाना सीओ अजय शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी रुदावल मनीष शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्यों सहायक उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, हेडकांस्टेबल विजयपाल, कांस्टेबल छोटू सिंह, हेमेंद्र, प्रेम, अमित तथा जितेंद्र सिंह मीना ने मुख्य आरोपी 34 वर्षिय रामवीर पुत्र बिजेंद्र गुर्जर निबासी गुमट पुलिस चौकी के पास गुर्जर कालोनी बाड़ी धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# अभिनेता राहिल खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। रामगंजमंडी में पिछले दिनों राहिल खान द्वारा निर्मित शार्ट मूवी अंधविश्वास को रिलीज करने के किये भव्य समारोह का आयोजन होने जा रहा था। फिल्म यूट्यूब चैनल आर के प्रोडक्शन पर रिलीज होनी थी परन्तु हिन्दू संगठनों द्वारा फिल्म के खिलाफ विरोध व प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, विरोध का कारण बताया गया कि फिल्म हिन्दू समाज को अपमानित करने के उद्देश्य से बनाई गई, सनातन धर्म का मजाक उड़ाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही विरोध शुरू हुआ राहिल खान ने फिल्म की रिलीजिंग व आयोजन को रद्द कर दिया व कहा कि फिल्म का निर्माण समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई गई। फिल्म समाज में अच्छा संदेश देगी। फिल्म में किसी भी धर्म को लेकर कोई टिका टिप्पणी नहीं है और ना ही फिल्म में किसी धर्म को अपमानित करने की कोई मंशा है।

यही बात राहिल खान ने एक ज्ञापन के जरिये एसडीएम व थानाधिकारी को बता दी व स्पष्ट कर दिया कि वह फिल्म को अब प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य लोगों को दिखाएंगे उसके बाद इजाजत मिली तो रिलीज करेंगे ठीक नहीं तो रिलीज नहीं की जाएगी। राहिल ने यह भी कहा कि जब फिल्म रिलीज नहीं हुई और किसी ने देखी नहीं तो फिर विरोध कैसा।

उधर दूसरे दिन हिन्दू संगठन विश्व हिंदू परिषद ने डीएसपी को ज्ञापन दिया व विरोध जताते राहिल की गिरफ्तारी की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के ज्ञापन के बाद सीआई सत्यनारायण मालव ने राहिल को थाने बुलाया व शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने राहिल की गिरफ्तारी को सही नहीं माना व गिरफ्तार करने वाले सीआई सत्यनारायण मालव को कोर्ट में बुलाया व जवाब तलब किया। सीआई राहिल को गिरफ्तार करने का माकूल कारण नहीं बता सके लिहाजा न्यायाधीश ने पुलिस के इस्तगासे को खारिज करते हुए राहिल खान को रिहा कर दिया।

इस मामले में राहिल खान का कहना है कि मैंने फिल्म रिलीज नहीं की है। फिल्म में किसी भी धर्म का अपमान नहीं किया गया है। मैं फिल्म को प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य लोगों को दिखाने के बाद ही रिलीज करने का फैसला लूंगा। मेरे खिलाफ दुष्प्रचार करने लिए एक मीडिया संस्थान व उसके संवाददाता के खिलाफ कोर्ट में जाऊंगा।

# पैरोल से भागा बंदी बीहड़ों से गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद से फरार हुए सजयाप्ता बंदी को पुलिस ने चम्बल के बीहड़ों से गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार जेल प्रहरी कांस्टेबल सीताराम ने सीता राम कानि.6229 जेल प्रहरी पुत्र सुलतान राम निवासी गांव खाटुश्याम जी, सीकर ने रिपोर्ट दी कि दण्डित बंदी चिढ़ि या भैसरेड़गढ़ चित्तौड़गढ़ निवासी भेरू उर्फ भेरूलाल पुत्र धन्नाथ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीन क्रम 2 शिवर बेगु चित्तौड़गढ़ के प्रकरण में 15 फरवरी 2021 से आजीवन कारवास की सटा कट रहा था। जो 17 अगस्त 2021 तक पैरोल पर छूटा था। पैरोल से रिहा होने के बद वापस नहीं लौटा जिसे 5 सितंबर को जेल बंद होने से पूर्व उपस्थित होनाथा। जो फरार हो गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सूरजपोल थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने भेरू उर्फ भेरूलल को चम्बल के बीहड़ें से गिरफ्तार किया।

# 50 लाख रु. मौताणा नहीं मिलने पर की तोड़फोड़

**डूंगरपुर,** (निसं) चौरासी थाना क्षेत्र में तीन महीने पहले एक युवक की मौत पर 50 लाख का मौताणा तय हुआ था, मौताणा की रकम नहीं देने पर सामने वाले पक्ष के घर तोडफोड और लूटपाट की गई। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी भेमजी खांट में बताया कि हमला करने, तोडफोड और लूटपाट करने पर खेमराज पुत्र कानजी खांट, सोमा पुत्र उदा खांट, राहुल पुत्र महेश खांट, बंशीलाल पुत्र हीरा खांट व महेश पुत्र पन्ना खांट निवासी बेडसा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने मौताणा मांगकर तोडफोड और लूटपाट की वारदात करना कबूल किया है।

**दो बाइक की टक्कर में हुई थी युवक की मौत:-**थानाधिकारी ने बताया कि तीन महीने पहले बेडसा फला कोढ ाला में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। हादसे में शांति पुत्र हीरा ननोमा की मौत हो गई थी और दिनेश पुत्र भूरात ननोमा की बाइक आमने-सामने टकरा गई थी। मृतक के परिवार ने दूसर बाइक सवार युवक दिनेश पुत्र भूरात ननोमा से परिवार से 5० लाख रुपए मौताणा मांगा था। मौताणा तय होने के बाद ही मृतक का अंतिम संस्कार किया गया था। रुपए नहीं मिलने पर 2 अक्टूबर को गटू ननोमा, कालू ननोमा के घरों पर हमला कर दिया। घरों में तोडफोड करते हुए सामान और अनाज बिखेर दिया। सोने-चांदी के जेवरात लूटकर ले गए। तोडफोड और लूटपाट से घरों को भारी नुकसान हुआ।



चौरासी थाना पुलिस ने तोड़फोड़ करने के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# मंदनगंज में मार्बल व्यापारी के घर पर डकैती, नगदी सहित 50 रुपए लाख का सामान ले गये बदमाश

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। मदनगंज थाना अंतर्गत राधा कृष्ण विहार कॉलोनी मेंगत रात्रि को हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाश घर वालों को बंधक बनाकर नगदी सहित करीब 50 लाख का माल ले गये।

लुटेरों ने वारदात को अंजाम पर पहुंचाने से पहले अच्छी तरह रैकी कर जानकारी जुटा ली कि घर का मुखिया मार्बल व्यवसायी संजय लखोटिया बेटी का एडमिशन कराने बैंगलोर गया हुआ है। पीछे से रात करीब 2 बजे लुटेरों ने मकान में धावा बोल दिया। वारदात का अहम पहलू यह है कि लुटेरों ने घर में कहा से प्रवेश किया, यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है, हालांकि घर वाले कह रहे हैं कि रसोई के पीछे वाला गेट खुला रह गया, जिसके कारण संभवतया रात्रि 9 बजे एक बदमाश अन्दर घुस गया और रात दो बजे साथियों को बुला लिया।



एसपी विकास शर्मा ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

लुटेरों ने घर में घुसने के पश्चात मकान में मौजूद पांचों सदस्यों के साथ मारपीट कर किसी के मुंह पर टेप लगाकर तो किसी को रस्सी से हाथ बांध दिया। दहशत फैलाने के इरादे से माउजर लगे पिस्टल से दूसरी मंजिल पर सो रहे ब्यावर से आये भांजे केशव की कनपट्टी पर पिस्टल तान दी। फिर बड़े ही इम्तिहान से मकान मालिक संजय के पिता सुरेश लखोटिया से पूछा की संजय का कमरा कौन सा है। फिर लूटपाट की वारदात की। पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि होटल कुमकुम के सामने राधा कृष्ण विहार कॉलोनी में रहने वाले मार्बल व्यवसायी संजय लखोटिया बेटी का एडमिशन कराने बैंगलोर गया हुआ था, रात करीब 2 बजे स्विफ्ट कार में सवार मंकी टोपी लगाये हथियारों से लैस चार नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया।

# कल झुंझुनूं आएंगे बंगाल के राज्यपाल

**झुंझुनूं,** (निसं)। पश्चिम बंगाल के महामहिम राज्यपाल जगदीप धनखड़ एक दिन के दौरे पर झुंझुनूं आएंगे। उनके छोटे भाई आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़ भी उनके साथ रहेंगे। महामहिम राज्यपाल 26 नवंबर शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे जयपुर से रवाना होंगे। साढ़े 11 बजे अपने पैतृक गांव किठाना पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात करने के बाद निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे साढ़े 12 बजे किठाना गांव से रवाना होकर दोपहर एक बजे सूरजगढ़ में एक शादी समारोह में शिरकत करेंगे। जहां पर करीब एक घंटे ठहरने के बाद वापिस जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।



# शहीद तुलछाराम सियाग का हुआ अंतिम संस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। सियाचिन ग्लेशियर में शहीद हुए बीकानेर के नोखा के जवान तुलछाराम सियाग को हजारों नम आंखों ने श्रद्धांजलि दी। सुबह बीकानेर आर्मी एरिया से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। कई गांवों से होते हुए पैतृक गांव केड़ली पहुंच रही है, जहां पहले से हजारों की संख्या में लोग हाथों में पुष्प लिए इंतजार कर रहे हैं। आज दोपहर ही उनकी पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन हो गई।

तुलछाराम ने सियाचिन ग्लेशियर में ही राष्ट्र सेवा करते हुए मिल्ट्री कैंप में सोमवार को दम तोड़ दिया था। उसके बाद से उन्हें मिल्ट्री हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मिल्ट्री हॉस्पिटल से सेना का विशेष दल उन्हें लेकर मंगलवार रात बीकानेर पहुंचा। बुधवार सुबह सेना के ट्रक में तिरंगे में लिपटा तुलछाराम का शव नोखा के केड़ली गांव के लिए रवाना किया गया। केप्टन चंद्र चौधरी सर्किल पर आम लोगों ने व पूर्व सैनिकों ने तुलछाराम को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जिस गांव से उनका काफिला निकला, वहीं पर पुष्प अर्पित करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी।

- **बीकानेर से नोखा तक हजारों नम आंखों ने दी शहीद को श्रद्धांजलि**

नोखा से केड़ली तक तो बच्चों ने जगह-जगह रंगोली सजाकर शहीद की अंतिम यात्रा के रास्ते में लड़कियों ने रंगोलियों में कहीं तिरंगा दर्शाया तो कहीं वीर जवान की राइफल दिखाई गई। नोखा में तो हजारों की संख्या में लोग इस काफिले में शामिल हुए। नोखा में पूर्व सांसद और पूर्व नेता प्रतिश रामेश्वर डूडी ने पुष्प अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। वहीं केड़ली में उनके निवास पर नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल विधायक मोहनराम, नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई व आत्माराम तर्ड आदि उपस्थित रहे। तुलछाराम के घर के आगे आज सैकड़ों लोग उपस्थित है लेकिन हर तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है। यहां भी बड़ी संख्या में लोग भारत का झंडा हाथ में लिए शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए खड़े हैं।

# ट्रोले से 5 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी



बिछीवाड़ा पुलिस द्वारा पकडी गई अंग्रेजी शराब।

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे-8 पर राजस्थान-गुजरात बॉर्डर पर 5 लाख की अंग्रेजी शराब पकडी है। तस्कर ट्रोले में सोप स्टोन कट्टो के नीचे शराब की 100 पेटियां छुपाकर गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। पुलिस ने 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बिछीवाडा पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की। डूंगरपुर और उदयपुर से आने वाले वाहनों को रुकवाकर तलाशी ली गई। उदयपुर से आ रहे एक ट्रोले को रुकवाकर चालक से पूछताछ की। उसने सोप स्टोन के कट्टे भरे होना बताया। तलाशी में कट्टो के नीचे शराब की पेटियां भरी हुई थी। ट्रोले को जब्त कर 100 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। जिसकी बाजार कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है।

- **गुजरात बॉर्डर पर नाकाबंदी में पकड़े गए 2 तस्कर**
- **कट्टों के नीचे छुपा रखी थी शराब**

ट्रोले के चालक राजसमंद निवासी गणपत वैष्णव और उसके सहयोगी लूमसिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने बताया कि वह शराब को राजसमंद से भरकर गुजरात के मोरबी जा रहे थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# नशे की गोलियों सहित युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं.)। जिले के गांव खखां में बुधवार को नशे में उपयोग होने वाली गोलियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। युवक ये गोलियां लेकर कार से सीमावर्ती गांव खखां से निकला ही था कि पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे रोक लिया। तलाशी में उसके पास 3900 नशे में उपयोग होने वाली गोलियां मिलीं। पुलिस ने गंगनहर की पटरी के किनारे मंगलवार देर रात नाका लगाया था। आधी रात के बाद इस इलाके में कार नजर आने पर पुलिस अलर्ट हुई। पुलिस को देखते ही आरोपी में कार घुमाने का प्रयास किया। इस दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

हिन्दुमलकोट थाने के सीआई रामप्रताप ने बताया कि आरोपी पुलिस को देख कार घुमाने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। उससे वापस लौटने का कारण पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर डिग्गी की तलाशी ली गई तो गोलियां बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गांव खखां निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह बताया। आरोपी सुरेंद्रसिंह ने ये गोलियां नरेश बिश्नोई से लाना स्वीकार किया है। नरेश बिश्नोई इस समय राजियासर थाना पुलिस की गिरफ्त में है। उसे पुलिस ने पिछले दिनों 22 हजार नशे में उपयोग होने वाली गोलियों के साथ पकड़ा था। उसी ने युवक को 3900 गोलियां दी थीं। नरेश बिश्नोई ये गोलियां फलौदी के रहने वाले शिवकरण बिश्नोई से लाने की बात स्वीकार की थी।

# चोरी और नकबजनी के मामले में तीन महिला आरोपियों का गिरोह गिरफ्तार

## चोरी का माल खरीदने के आरोप में कचरे के गोदाम मालिक को भी किया गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय के सुभाष नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान में से छत भरने के काम में आने वाली लौहे की प्लेटें चुराने के आरोप में राजनगर थाना पुलिस द्वारा तीन महिला आरोपियों के गिरोह व चोरी का माल खरीदने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार गया। पुलिस ने चोरी की प्लेटें बरामद की गई। आरोपी महिलाओं द्वारा इससे पूर्व शहर के कई जगहों पर निर्माणाधीन आवासों व दूकानों से केवल लौहे के सरिये आदि वस्तुओं को चुरा जाना भी स्वीकार किया गया है।

थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि लवाणा निवासी पीडित दिनेश पुत्र वैणीराम कुमावत ने कांकरोली थाने में रिपार्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वो मकान निर्माण के ठेके लेने का कार्य करता है। उसने सुभाष नगर में एक मकान के निर्माण कार्य को चालू किया था। काम पूरा होने पर छत भराई के लिए मकान पर लौहे की प्लेटें लाकर रखी। जिसमें अलग-अलग साईज के सेट थे। लेकिन 17 नवम्बर को उन प्लेटों में से आधी प्लेटें कोई चुरा कर ले गया। जिस पर उसने आस-पास तलाश करते हुए अन्य ठेकेदारों को भी प्लेट चोरी होने की जानकारी दी। इसके बाद उसने निर्माणाधीन मकान से कुछ दूरी पर लगे सीसी टीवी कैमरों को खंगाला तो उसमें उसे तीन महिलाएं वहां से निकलती हुई दिखी जिस पर उसने महिलाओं पर लौहे प्लोट चोरी किए जाने की आशंका जताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी। मामला राजनगर थाना सर्कल का होने पर जांच राजनगर थाने को सौंपी गई। मामले को लेकर एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन एवं थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिसमें सउनि वीरेन्द्रसिंह, कोंस्टेबल वीरेन्द्र, मेहेन्द्र, मुलचंद व महिला कोंस्टेबल अनीता को शामिल किया गया। टीम ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर नांदोडा हाल आवारी माता मंदिर राजनगर निवासी चंदा पत्नी सुनीलनाथ जोगी, देलवाडा हाल आवारी माता मंदिर राजनगर निवासी भागू पत्नी औंकारनाथ जोगी एवं लक्ष्मी पत्नी गुड्डुनाथ जोगी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इस पर महिलाओं ने सुभाष नगर निर्माणाधीन मकान से लौहे की प्लेट चोरी करना स्वीकार किया तथा साथ ही उन्होंने अलग-अलग समय में शहर के अलग-अलग जगहों पर निर्माणाधीन मकानों व दूकानों से चोरी व नकबजनी की कुल पांच वारदातों को अंजाम देना भी स्वीकार करते हुए चोरी के माल को चपलोतों की गली बस स्टेण्ड के पीछे राजनगर स्थित रमेशचन्द्र पुत्र रंगलाल चपलोत की कचरे की दूकान पर बेचे जाने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने रमेशचन्द्र पुत्र रंगलाल चपलोत को चोरी का माल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए गोदाम से चोरी का माल को बरामद किया।



पुलिस ने निर्माणाधीन मकानों से लोहे के सरिये चुराने वाली महिलाओं को गिरफ्तार किया।

- **रैकी कर मौका पाकर चोरी को अंजाम देती थी तीनों आरोपी महिलाएं**
- **शहर में निर्माणाधीन कुल 5 जगहों पर की लौहे की वस्तुओं की चोरियां**